राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज, मैनपुरी के 36 छात्र–छात्राओं एवं 01 सहायक प्राध्यापक द्वारा किया गया रक्तदान

राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज, मैनपुरी में दिनांक 8 अप्रैल, 2024 को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस उत्कृष्ट कार्यक्रम का संचालन कॉलेज के निदेशक प्रोफेसर दीपेंद्र सिंह और आयोजन समन्वयक श्री साकेत रूसिया, सहायक प्रोफेसर, तथा सह–समन्वयक श्री बलजीत यादव, श्री सचिन पचौरी, श्री विक्रांत मिश्रा के नेतृत्व में किया गया। रक्तदान शिविर में 55 लोगों ने पंजीकरण करवाया उनमें से प्राथमिक जांच उपरांत 37 लोगों ने रक्तदान किया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र छात्राओं ने शिक्षकों के साथ हिस्सा लिया।

रक्तदान शिविर में मुख्य रूप से ब्लड बैंक जिला मैनपुरी से डॉक्टर्स के साथ टीम पहुंची थी। पहले सभी रक्तदाताओं की स्वास्थ्य जांच की गई और फिर रक्तदान लिया गया।

समन्वयक श्री साकेत रूसिया ने बताया, इस सफल आयोजन का सबसे बड़ा कारण छात्रों में समाज कल्याण के परस्पर भावना का होना है। निदेशक प्रोफेसर दीपेंद्र सिंह ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम हमें अपने बच्चों, और राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज मैनपुरी परिवार पर गर्व करवाते रहते हैं, ये एक महत्वपूर्ण सामाजिक कार्य है। हमारा कॉलेज समाज और जिला मैनपुरी के लिए प्रतिबद्ध है।

इस कार्यक्रम में अन्य सहयोगी स्टाफ और शिक्षकों में श्री गौरव वर्मा, डॉ. अनूप अवस्थी, डॉ. असीम चंदेल, श्री बीन्त सिंह अशोक, श्री सुरेन्द्र प्रताप, श्री प्रमोद कुमार, श्री रुपेश पटेल, श्री संजीव कुमार और जिला अस्पताल, ब्लड बैक मैनपुरी की मेडीकल टीम डा0 शिखा अग्रवाल, डॉ सतेन्द्र कुमार, अनिल कुमार(एस०एल०टी0) सौरभ कुमार(स्टाफनर्स), धर्मेनद्र कुमार (एल०एव) एवं विजय तिवारी आदि उपस्थित रहे। मेडिकल टीम ने बच्चों को रक्तदान से शरीर में होने वाले फायदों की भी जानकारी दी और रक्तदान उपरांत, अधिक तरल और पौष्टिक आहार लेने की सलाह भी दी।

समन्वयक और निदेशक द्वारा वादा किया गया है कि ऐसे ही समाज की सेवा में और भी कार्यक्रमों को निरंतर राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज करता रहेगा।

IEEE
Student Branch REC Mainpuri
Rajkiya Engineering Co


RAJKIYA ENGINEERING COLLEGE MAINPURI (U.P.)
राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज मैनपुरी (उ०प्र०)
IEEE
Student Branch REC Mainpuri
Rajkiya Engineering College, Mainpuri
(Aff. to Dr. A.P.J. Abdul Kalam Technical University, Lucknow, U.P., India)
BLOOD DONATION CAMP
Date: 08 April, 2024 10:00 am onwards
at Seminar Hall, Civil Block
Mr. Saket Rusia
Asst Professor
Event Coordinator
Prof. Deependra Singh
Director, REC M
BLOOD DONATION